संख्या-19/15/7/2013-का-4-2014

प्रेषक,

मदन मोहन पाण्डे,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव,
लोक सेवा आयोग,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

कार्मिक अनुभाग-4 **लखनऊ : दिनांक : 26 दिसम्बर, 2014**

विषय:-पुनर्विनियोजन के माध्यम से लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश को अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, आयोग के पत्र संख्या-95/01-बजट/2013-14-टी.सी.-3, दिनांक 25.11.2014 के संदर्भ में तथा समसंख्यक शासनादेश दिनांक 02.04.2014, दिनांक 23.07.2014, दिनांक 26.11.2014 एवं दिनांक 05.12.2014 के क्रम में, मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक के माध्मय से कतिपय मदों में उपलब्ध करायी गयी धनराशि, वास्तविक व्यय से कम होने के कारण, 01-वेतन से होने वाली बचतों से धनराशि रूपये-1,00,00,000.00 एवं 19-विज्ञापन, बिक्री और विख्यापन व्यय में होने वाली बचतों से धनराशि रूपये-2,40,00,000.00 व्यावर्तित करते हुए, 04-यात्रा व्यय में रूपये-10,00,000.00, 07-मानदेय में रूपये-30,00,000.00 एवं 08-कार्यालय व्यय में रूपये-3,00,000.00 अर्थात् कुल धनराशि रूपये-3,40,00,000.00 (रूपये-तीन करोड़ चालीस लाख मात्र) उपलब्ध कराये जाने की राज्यपाल महोदय, इस शर्त के साथ सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं कि व्यावर्तन के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही धनराशि का उपयोग वर्तमान वित्तीय वर्ष में ही कर लिया जायेगा तथा जिस मद से धनराशि व्यावर्तित की जा रही है, में अतिरिक्त धनराशि की मांग नहीं की जायेगी।

2. उपर्युक्त व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-20 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक, "2051-लोक सेवा आयोग-00-102-राज्य लोक सेवा आयोग-आयोजनेतर-03-राज्य लोक सेवा आयोग (भारित)-00" के अन्तर्गत सुसंगत मदों के नामे डाला जायेगा।

संलग्नक-प्रपत्र बी.एम.-09

भवदीय,

मदन मोहन पाण्डे
विशेष सचिव

संख्या-15/7/2013(1)-का-4-2014, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि, प्रपत्र बी.एम.-09 की प्रति के साथ निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. **महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) (प्राथम), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।**
2. **कोषाधिकारी, इलाहाबाद।**
3. **निदेषक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।**
4. **वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-5**
6. **वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 (तीन प्रतियों में)**

आज्ञा से,

मदन मोहन पाण्डे
विशेष सचिव

http://Shasanadesh.up.nic.in